**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 10-08-2026**

- **श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत मण्डलायुक्त एवं डीआईजी बस्ती द्वारा अधिकारीगण के साथ भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर का किया गया भ्रमण ।**
- **कडर मंदिर का भ्रमण कर लिया गया जायजा।**
- **संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश ।**

आज दिनांक 10.08.2026 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री वैभव श्रीवास्तव व पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा जिलाधिकारी बस्ती कृत्तिका ज्योत्सना व पुलिस अधीक्षक बस्ती डा0 यशवीर सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर व कडर मंदिर पुरानी बस्ती का भ्रमण कर जायजा लिया गया ।

डीआईजी बस्ती द्वारा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत गर्भगृह के पास, मंदिर परिसर, कांवड़ यात्रा मार्ग, श्रावण मेला,रुट डायवर्जन,बैरिकेडिंग,पार्किंग आदि स्थानों पर लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा सभी को स्थानीय प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, यातायात , अग्निशमन, विद्युत,पीडब्लूडी एवं अन्य सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि श्रद्धालुओं/ कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ।

इस दौरान पुलिस/अन्य विभाग के अधि0/ कर्म0गण मौजूद रहे ।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**